उ.प.रे. N.W.R.

रेलवे भर्ती कक्ष, उ.प.रे. जयपुर * JAIPUR * Rly. Rectt. Cell, N.W.R.

रेलवे भर्ती कक्ष, उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर

मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय के सामने, पावर हाउस रोड, जयपुर–302006

बेवसाईट www.rrcjaipur.in

महत्वपूर्ण सूचना

केन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 02/2018 के दिव्यांग एवं गैर दिव्यांग अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन

केन्द्रीकृत रोजगार सूचना संख्या 02/2018 के तहत रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा दिनांक 17.09.2018 से 17.12.2018 तक आयोजित कम्प्यूटर बेस्ट परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु बुलाए गए अभ्यर्थियों की पीईटी परीक्षा का आयोजन दिनांक 24.03.2019 से 02.04.2019 तक किया गया था। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों का कम्प्यूटर बेस्ट परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर दस्तावेज सत्यापन दिनांक 24.04.2019 से 10.06.2019, 25.11.2019 से 26.11.2019, 16.01.2020, 27.01.2020 से 12.02.2020, 22.02.2021 से 25.02.2021, 29.11.2021 से 30.11.2021, 24.01.2022 एवं 21.03.2022 को किया गया था। दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा जांच परीक्षा में सफल पाए गए अभ्यर्थियों को पैनल पर रखने के उपरान्त शेष रही रिक्तियों को भरने के लिए निरन्तरता में अगले चरण के दस्तावेज सत्यापन एवं चिकित्सा जाचं परीक्षा हेतु अनन्तिम (प्रोविजनली) रूप से पात्र पाए गए अभ्यर्थियों के रोल नं (रोल नं क्रम में) नीचे दिये जा रहे हैः–

1) एक दिव्यांग अभ्यर्थी **(PH-LD) Roll Number-122036096950017**
2) एक गैर दिव्यांग अभ्यर्थी **(Non PH) Roll Number- 122096022510012**

इस चरण में दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाए गए अन्तिम अभ्यर्थी के कट ऑफ अंक निम्न प्रकार हैः–

PH	UR	OBC	SC	ST
52.20242	---	73.61104	---	---

उक्त अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन में बुलाए जाने का यह अर्थ नहीं है कि उन्हें पैनल पर रखा जाएगा या रेलवे में नियुक्ति का अधिकार प्रदान करना है।

उपरोक्त परिणाम को तैयार करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, किंतु अनजानी भूल की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है, रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर इसे सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

उक्त अभ्यथियों के दस्तावेज सत्यापन सह अभ्यर्थिता जांच एवं चिकित्सा जांच परीक्षा दिनांक **04.04.2022** को, ई कॉल लेटर में दर्शाई गए दिनांक, समय पर रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर में आयोजित की जायेगी। उक्त अवधि ई कॉल लेटर में निर्धारित तिथि को बिमारी अथवा अन्य उपयुक्त उचित कारणवश उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थी **05.04.2022** को दस्तावेज सत्यापन हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें। यह इनके लिए अन्तिम अवसर होगा तथा तत्पश्चात् अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को और अवसर नहीं दिया जायेगा।

अतः उपरोक्त अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन की नियत तिथि को आवश्यक रूप से रेलवे भर्ती कक्ष, पावर हाउस रोड, जयपुर में उपस्थित होना है इसके लिए उन्हें अन्य कोई अवसर नहीं दिया जाएगा तथा उनकी अनुपस्थिति को अनिच्छा मानते हुए उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

ई कॉल लेटर शीघ्र ही रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की वेबसाईट पर अपलोड किये जाएगें। जो अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन–सह–अभ्यर्थिता जांच में उपयुक्त पाए जाएंगे उन्हें निर्धारित चिकित्सा जांच/परीक्षण हेतु अगले दिन/दिनों में भेजा जाएगा। अतः उम्मीदवार चिकित्सा जांच परीक्षा हेतु रूकने की व्यवस्था/तैयारी स्वंय के स्तर पर करके आएं।

उक्त अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन हेतु अपने मूल दस्तावेज सहित दो–दो प्रतिलिपि (शैक्षणिक सम्बन्धित प्रमाण पत्र, समुदाय सम्बन्धित प्रमाण पत्र, पुराना (आवेदन के समय का) एवं नवीनतम केन्द्र सरकार के प्रारूप में ओबीसी प्रमाण पत्र लिखित परीक्षा के बुलावा पत्र, आधार कार्ड/फोटोयुक्त आईडी आदि) के साथ सभी दस्तावेज स्कैन करके पैनड्राईव में लेकर बुलावा पत्र में दर्शाई गई तिथि एवं समय पर रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर कार्यालय में उपस्थित होवें।

(सं. 740ई/आरआरसी/लेवल–1/02/2018/परिणाम/दस्तावेज सत्यापन दिनांक 23.03.2022)

24/3/2022

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती कक्ष
अध्यक्ष
Chairman
रेलवे भर्ती कक्ष
Railway Recruitment Cell
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर
North Western Railway, Jaipur